## संपादकीय

# समरसता के राम

केंद्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट बनाने की घोषणा के साथ ही राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। नौ नवंबर को देश की शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय बेंच ने सर्वसम्मति से विवादित जमीन पर रामलला का हक माना था। साथ ही मुस्लिम पक्ष को पांच एकड़ जमीन अयोध्या में उपलब्ध कराने को कहा था। अब केंद्र सरकार ने 'श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' नाम से ट्रस्ट बनाने की घोषणा के बाद इसके सदस्यों की घोषणा कर दी है। अभी इसमें उ.प्र. सरकार और केंद्र सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल किये जाने हैं। नि:संदेह अब जब अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की राह खुल गई है तो हम सबका दायित्व बनता है कि हमारा लक्ष्य भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही देश में अतीत की कटुता को दूर करने का हो। श्रीराम जिन जीवन मूल्यों के लिये जाने जाते हैं, उनका अनुसरण करके राष्ट्रीय एकता, अखंडता व समरसता का मार्ग प्रशस्त किया जाये। हमें नहीं भूलना चाहिए कि बीसवीं सदी से चले आ रहे विवाद ने देश के सामाजिक सद्भाव व सांप्रदायिक सौहार्द को भारी क्षति पहुंचायी है। छह दिसंबर 1992 को विवादित ढांचे को गिराये जाने और उसके बाद हुई घटनाओं को बिसार कर हमें 21वीं सदी के भारत को समृद्ध करना चाहिए। ट्रस्ट निर्माण के बाद सरकार की भूमिका को विराम दिया जाना चाहिए और ट्रस्ट को कोशिश करनी चाहिए कि मंदिर निर्माण की प्रि या में राजनीतिक लाभ-हानि की बात न हो। मंदिर निर्माण को राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक के रूप में देखा जाना चाहिए। साथ ही पांच एकड़ पर बनने वाली मस्जिद के निर्माण में भी हमें सहयोग देना चाहिए ताकि पूरी दुनिया में संदेश जाये कि राम समरसता के प्रतीक हैं, संकुचित सरोकारों के नहीं।

नि:संदेह, इस बात के लिये भारतीय जनमानस की मुक्त कंठ से सराहना की जानी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के नौ नवंबर को सर्वसम्मति से दिये गये फैसले को पूरे देश ने शिरोधार्य किया। वह भी ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया की निगाह भारत की ओर लगी थी। आज ऐसे वक्त में जब राजनेताओं द्वारा कई मुद्दों को हवा देकर ध्रुवीकरण के प्रयास किये जा रहे हैं, ट्रस्ट की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। मंदिर आंदोलन के दौरान उपजी तमाम कटुताओं को बीते दिनों की बात मान लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी जब फैसला सुनाया था तो कहा था कि यह फैसला राष्ट्रहित में जीत-हार से परे है। बीसवीं सदी से चले आ रहे विवाद के पटाक्षेप के बाद जब अब मंदिर निर्माण ट्रस्ट अस्तित्व में आ गया तो उम्मीद की जानी चाहिए कि शीघ्र ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण शुरू होगा। तमाम बाधाएं दूर होने के साथ ही केंद्र द्वारा वर्ष 1993 में अधिगृहीत 67 एकड़ जमीन भी अब ट्रस्ट को हस्तांतरित कर दी गई है। ट्रस्टियों की घोषणा कर दी गई है। कुछ और मनोनयन आने वाले समय में किये जाएंगे।

# हमारी फीलि्डंग-बोलिंग खराब इसलिए हारे सीरीज:कोहली

**नई दिल्ली।** न्यू जीलैंड दौरे पर गई टीम इंडिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 0-3 से गंवा दी है। इस सीरीज से पहले भारतीय टीम ने मेजबानों को 5 टी20आई मैचों की सीरीज में 5-0 से हराया था लेकिन कीवी टीम ने वनडे सीरीज में उसी ढंग से अपनी करारी हार का बदला ले लिया, जो उसे टी20 में मिली थी।

भारत इस वनडे सीरीज में एक भी मैच अपने नाम कर पाया। इस हार के बाद टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि जिस ढंग से हमने फीलि्डंग और बोलिंग की वह इस लायक नहीं थी कि हम कोई मैच जीत पाते। हालांकि भारतीय कप्तान ने इस हार के बावजूद टीम के कुछ सकारात्मक पक्ष भी गिनाए।



विराट कोहली ने कहा, ये मैच इतने भी बुरे नहीं थे, जितना स्कोरलाइन (0-3) बता रही है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जिस ढंग से हमारे बल्लेबाज खेले वह हमारे लिए सकारात्मक बात यह रही। लेकिन जस ढंग से हमने फीलि्डंग और बोलिंग की वह मैच जीतने के लिए काफी नहीं था। हम इस सीरीज में जीतने के हकदार थे ही नहीं।

भारतीय कप्तान ने कहा, असल में हम इतना बुरा भी नहीं खेले, लेकिन हमने अवसरों को भुना नहीं पाए। हमारी टीम में जो नए लड़के आए हैं यह उनके लिए अच्छा अनुभव रहा। वे अभी अपनी जगह तलाश रहे हैं। विराट ने कीवी टीम की तारीफ करते हुए कहा, वे हमसे ज्यादा जुनून के साथ खेले। वे इस सीरीज को 3-0 से जीतने के पूरे हकदार थे।

# ट्रंप ने रक्षा बजट 740 अरब डॉलर करने का प्रस्ताव दिया

**वाशिंगटन (आरएनएस)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2021 के लिए देश का रक्षा बजट बढ़ाकर 740 अरब डालर करने का प्रस्ताव दिया है।



यह प्रस्ताव चीन और रूस के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम को देखते हुए किया गया है जो अमेरिका के लिए एक बड़ी चुनौती है। ट्रंप के रक्षा बजट प्रस्ताव के मुख्य पहलू हैं परमाणु आधुनिकीकरण, मिसाइल निष्फल करना आदि। इसके अलावा अंतरिक्ष, साइबर तथा हवाई क्षेत्र के लिए भी इसमें कोष का प्रावधान किया गया है। व्हाइट हाउस और पेंटागन की ओर से जारी बजट प्रस्ताव में ट्रंप प्रशासन ने दो शत्रुओं रूस तथा चीन की ओर से खतरे को रेखांकित किया है। इसमें कहा गया है कि ये दोनों देश सैन्य आधुनिकीकरण की राह पर हैं और अपने पड़ोसियों को विवश कर रहे हैं। बजट प्रस्ताव में पेंटागन ने कहा है कि सुरक्षा परिदृश्य बेहद खतरनाक ढंग से बदल रहा है। चीन और रूस पड़ोसियों को मजबूर करने, विरोधी स्वरों को दबाने और स्वतंत्रता को कमतर करने के लिए आक्रामक तरीके अपना रहे हैं। इसमें ईरान और उत्तर कोरिया का भी जिक्र है और कहा गया है कि वे बड़े पैमाने पर तबाही मचाने में सक्षम हथियारों को विकसित कर रहे हैं।

# कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते चांदी वायदा भाव मंजूर



**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों के बीच सटोरियों के अपने सौदे घटाने से चांदी वायदा भाव मंगलवार को 123 रुपये तक टूट गया।

एमसीएक्स पर मार्च डिलीवरी सौदों में चांदी वायदा भाव 123 रुपये यानी 0.27 प्रतिशत तक गिरकर 46,106 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। इसके लिए 2,547 लॉट का कारोबार हुआ। इसी तरह मई डिलीवरी के लिए यह भाव 93 रुपये यानी 0.20 प्रतिशत घटकर 46,648 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। इसके लिए 47 लॉट का कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी भाव 0.03 प्रतिशत घटकर 17.78 डॉलर प्रति औंस रहा।

## सोना 112 रुपये टूटा, चांदी 108 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 112 रुपये टूटकर 41,269 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार घरेलू बाजार की कमजोर मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिकवाली से सोने में गिरावट आई। पिछले सत्र में सोना 41,381 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी भी 108 रुपये फिसलकर 47,152 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

# सिंडिकेट बैंक का मुनाफा तीसरी तिमाही में उछलकर 435 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** फंसा कर्ज कम होने से सिंडिकेट बैंक के शुद्ध लाभ में दिसंबर 2019 तिमाही में काफी वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर - दिसंबर तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 434.82 करोड़ रुपये रहा। 2018-19 की इसी तिमाही में उसे 107.99 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

सिंडिकेट बैंक ने शेयर बाजारों को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी कुल आय बढ़कर 6,316.57 करोड़ रुपये रही। इससे एक साल पहले तीसरी तिमाही में उसकी आय 6,077.62 करोड़ रुपये थी। बैंक की सकल गैर - निष्पादित परिसंपत्तियां (फंसा कर्ज या एनपीए) 31 दिसंबर 2019 के अंत तक कम होकर 11.33 प्रतिशत पर आ गयी। 2018-19 की इसी अवधि में यह आंकड़ा 12.54 प्रतिशत पर था। मूल्य के आधार पर , सकल एनपीए 26,184.66 करोड़ रुपये से गिरकर 25,330.10 करोड़ रुपये रह गया। वहीं, इस दौरान शुद्ध एनपीए भी गिरकर 5.94 प्रतिशत (12,514.32 करोड़ रुपये) पर आ गया। 31 दिसंबर 2018 के अंत में शुद्ध एनपीए 6.75 प्रतिशत (13,211.17 करोड़ रुपये) पर था। हालांकि, दिसंबर 2019 तिमाही के दौरान बैंक का फंसे कर्ज के लिए प्रावधान बढ़कर 1,286.64 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की इसी तिमाही में उसने फंसे कर्ज के लिए 909.82 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था।




# दिल्ली चुनाव नतीजों के बीच शेयर बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 41 हजार के पार- निफ्टी में भी उछाल

**मुंबई (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों का ऐलान कुछ देर में होने वाला है। इससे पहले शेयर बाजार आज बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 439 अंक की तेजी के साथ 41,418.64 पर पहुंच गया। निफ्टी में 130 प्वाइंट का उछाल आया। इसने 12,162.05 का उच्च स्तर छुआ।

शुरुआती कारोबार में बीएसई इंडेक्स के सभी 30 शेयर हरे निशान पर कारोबार करते देखे गए। इस दौरान सबसे अधिक तेजी आईटीसी, टाटा स्टील और एनटीपीसी में रही। वहीं इन्फोसिस, एयरटेल और टीसीएस के शेयर में सबसे कम बढ़त रही। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आने वाले हैं। नतीजों से पहले रुझान में बीजेपी को एक बार फिर हार मिल रही है जबकि आम आदमी पार्टी की दोबारा सरकार में वापसी हो रही है। इससे पहले सोमवार को देश के शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 162.23 अंकों की गिरावट के साथ 40,979.62 पर और निफ्टी 66.85 अंकों की गिरावट के साथ 12,031.50 पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार में सेंसेक्स ने 41,172.06 के ऊपरी स्तर और 40,798.98 के निचले स्तर को छुआ।



# टाटा ग्लोबल बेवरेजेस का नया नाम टाटा कंज्यूमर प्रोडेक्ट्स



**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** टाटा ग्लोबल बेवरेजेस लिमिटेड (टीजीबीएल) का नाम बदलकर अब टाटा कंज्यूमर प्रोडेक्ट्स लिमिटेड हो गया है। कंपनी ने एफएमजीसी क्षेत्र में समूह के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए यह कदम उठाया है। टाटा समूह की दो कंपनियों टीजीबीएल और टाटा केमिकल्स लिमिडेट (टीसीएल) ने सोमवार को जानकारी दी कि टीसीएल के उपभोक्ता उत्पाद कारोबार को लेकर दोनों कंपनियों के बीच जिस व्यवस्था पर सहमति बनी है वह सात फरवरी 2020 से प्रभावी है।बयान के मुताबिक कंपनी ने इसके बाद ही टीजीबीएल का नाम बदलकर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिडेट करने का निर्णय किया है।

## आज का राशिफल

मेष: आज न चाहते हुए भी आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ता है जो दूसरों के लिए असुविधाजनक होता है।

वृषभ: अब समय आ गया है जब आपको अपने भंडारा में से कुछ वस्तुओं को बाहर निकालकर उसका तोल मोल करवा लेना चाहिए।

मिथुन: आपने जिस प्रकार की पृष्ठभूमि लोगों के बीच बनाई है उसके बल पर आज का दिन आपके लिए अच्छा व्यतीत होगा।

कर्क: आज सुबह से ही कुछ प्रतिकूल समय आपके लिए चल रहा है। हो सकता है।

सिंह: इन दिनों आपका सबकुछ ठीक ही चल रहा है। कारोबार की स्थिति सुधरती जा रही है।

कन्या: किसी किसी समय आप जब अच्छे मूड में रहते है तो अपने चहेतों का भला करने में पीछे नहीं रहते हैं।

तुला: किसी परीक्षा प्रतियोगिता के लिए आपको तैयार रहना है, अगर आप अपने व्यवसाय या कारोबार से संबंधित कोई रिसर्च या लिखा-पढ़ी करना चाहते हैं तो दिन के समय कही कर डालें।

वृश्चिक: कभी-कभी कोई काम आपकी सोच के विपरीत हो जाते हैं। जिस व्यक्ति को आप सज्जन समझते हैं वहीं धोखा दे जाता है।

धनु: कई दिनों से आप किसी छोटे-मोटे काम के बिगड़ जाने से आश्चर्यचकित हैं। हो सकता है आज आपके इस काम में सुधार हो जाए।

मकर: आज का दिन कुछ जानकारी पूर्ण और आपकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने वाला होगा।

कुंभ: इस समय अपने कार्यक्षेत्र में आने जाने और सभी कार्यों को समय पर निबटाने का दौर चल रहा है।

मीन: आज आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं चलेगा। दिन के पहल हिस्से में बहुत सारे काम एक साथ आपके सामने लटके रहेंगे।

# अजीत की सुपरहिट फिल्म वेदलम के हिंदी रीमेक में होंगे जॉन अब्राहम



बॉलिवुड में इस समय साउथ की फिल्मों के रीमेक बनाए जा रहे हैं। पिछले साल तेलुगू फिल्म अर्जुन रेड्डी की रीमेक कबीर सिंह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। इसके बाद जर्सी, आरएक्स 100, लक्ष्मी बम जैसी फिल्में बन रही हैं जो साउथ की सुपरहिट फिल्मों के रीमेक हैं। अब एक साउथ सुपरहिट का रीमेक बनाए जाने की तैयारी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रड्यूसर भूषण कुमार साल 2015 में आई अजीत की सुपरहिट फिल्म वेदलम का रीमेक बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म में लीड रोल में जॉन अब्राहम होंगे और इसका डायरेक्शन वरुण धवन के भाई रोहित धवन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक रोहित ने फिल्म की स्क्रिप्ट लगभग पूरी कर ली है और जल्द ही इसका प्री-प्रॉडक्शन शुरू कर दिया जाएगा। यह फिल्म मुंबई पर आधारित होगी और शूटिंग के लिए जल्द ही इसकी रेकी शुरू कर दी जाएगी।

ऑरिजनल फिल्म में अजीत ने एक गैंगस्टर का किरदार निभाया था जो टैक्सी ड्राइवर बन जाता है। फिल्म में श्रुति हासन, लक्ष्मी मेनन, राहुल देव, कबीर दुहान सिंह और अनिकेत चौहान ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। प्रड्यूसर भूषण कुमार के लिए जॉन अब्राहम ही इस फिल्म की पहली चॉइस थे। इस समय जॉन अब्राहम मुंबई सागा की शूटिंग कर रहे हैं जिसमें वह एक गैंगस्टर की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा वह सत्यमेव जयते में एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में भी दिखाई देंगे।

# जुड़वां 3 को टाइगर श्रॉफ के साथ बनाएंगे डेविड धवन

अपने बेटे वरुण धवन के साथ जुड़वा 2 बनाने के बाद अब डेविड धवन इसके तीसरे पार्ट की प्लानिंग कर रहे हैं। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रड्यूस किया था। अब खबर है कि नाडियाडवाला और डेविड धवन जुड़वां 3 की तैयारियों में लग गए हैं।



लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस फिल्म में डेविड धवन अपने बेटे वरुण को नहीं लेना चाहते। बता दें कि जुड़वां 2 को डेविड ने वरुण के साथ बनाया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, 65 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 200 करोड़ से भी ज्यादा की कमाई की थी और ब्लॉकबस्टर रही। पर अब साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म को किसी नए ऐक्टर के साथ बनाना चाहते हैं। इसीलिए न तो इस फिल्म में वरुण नजर आएंगे और न ही सलमान खान। जुड़वा 3 1997 में आई सलमान की ही फिल्म जुड़वां का तीसरा पार्ट है। उसे भी डेविड धवन ने बनाया था और साजिद ने प्रड्यूस किया था। रिपोर्ट्स की मानें, तो मेकर्स जुड़वां 3 में टाइगर श्रॉफ को लेने का मन बना रहे हैं। हालांकि अभी यह कन्फर्म नहीं हैं। वहीं फीमेल लीड के लिए सारा अली खान, जान्हवी कपूर और अनन्या पांडे में से किसी एक को लेने की चर्चा है। जबकि सेकंड लीड के लिए दिशा पाटनी को साइन किया जा सकता है। हालांकि जब तक ऑफिशल अनाउंसमेंट नहीं हो जाती, तब तक कुछ भी कह पाना मुश्किल है।

# लंच के लिए ऐसे बनाएं मंगौड़ी की तहरी



### सामग्री :-

1 कप बासमती चावल, 1/2 कप मंगौड़ी, 1 आलू, 3/4 कप हरी मटर, 1-2 तेजपत्ता, स्वादानुसार नमक व लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून हल्दी पाउडर, 1/2 टीस्पून गरम मसाला पाउडर, 1 टेबलस्पून हरी धनिया कूटी हुई, 1/2 टीस्पून अदरक कटा हुआ, 1 बड़ी इलायची, 1 टीस्पून देसी घी/तेल

### विधि :-

सबसे पहले चावल को धोकर 15 मिनट के लिए अलग रखें। प्रेशर कुकर में मीडियम आंच पर 1 टेबलस्पून घी गरम करें। इसमें मंगौड़ी डालकर सुनहरा करें। अलग निकाल लें। अब इसे थोड़े पानी में उबालकर दो मिनट के लिए अलग रखें। आलू धोकर छील लें। फिर छोटे-छोटे टुकड़े कर लें। मटर धोकर अलग रखें। चावल से पानी निकाल दें। प्रेशर कुकर में घी/तेल डालकर गरम करें। तेजपत्ता व बड़ी इलायची कुछ सेकेंड्स भूनें। अब आलू और मटर डालकर कुछ देर भूनें। फिर बाकी सामग्री मिलाएं और 2 मिनट तक भूनें।

अब इसमें चावल और मंगौड़ी डालकर अच्छी तरह मिलाएं और एक मिनट के लिए भूनें। अब अंदाज से पानी डालें। चावल और पानी का अनुपात एक हिस्सा चावल और दो हिस्सा पानी रहता है। पहले उबाल के बाद आंच मध्यम कर दें। अब कुकर का ढक्कन लगाकर दो सीटी लगाएं। कटी हुई धनिया और घी डालकर रायते, पापड़, सलाद और चटनी के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 31

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 30 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| बा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## सू-दोकू- 31

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.30 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |